प्रधानमंत्री-कुसुम योजना के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली वैबसाइटों से सावधान

सरकार के संज्ञान में आया है कि कई फर्जी वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन आवेदकों से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (प्रधानमंत्री-कुसुम योजना) के नाम पर किसानों से सोलर पम्प लगाने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के साथ पंजीकरण शुल्क तथा पंप की कीमत का ऑनलाइन भुगतान करने को कह रहे हैं। इनमें से कुछ फर्जी वेबसाइट डोमेन नाम * .org, * .in, * .com में पंजीकृत हैं जैसे www.kusumyojanaonline.in.net, www.pmkisankusumyojana.co.in,www.onlinekusamyojana.org.in, www.pmkisankusumyojana.com और इसी तरह की कई अन्य वेबसाइटें हैं।

इसलिए प्रधानमंत्री-कुसुम योजना के लिए आवेदन करने वाले सभी किसानों को सलाह दी जाती है कि वे धोखाधड़ी करने वाली वेबसाइटों पर न जाएं तथा कोई भी भुगतान न करें। प्रधानमंत्री-कुसुम योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा वेबसाइट https://saralharyana.gov.in/ पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। विभाग अभी लाभार्थी हिस्सा जमा नहीं करवा रहा है इसके बारे आपको सूचित किया जायेगा जो आपको सिर्फ विभाग के पोर्टल (https://pmkusum.hareda.gov.in) पर ही जमा करवाना होगा।

योजना की अधिक जानकारी के लिए

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग व हरेड़ा द्वारा राज्य सरकार (DNRE/HAREDA)की आधिकारिक वेबसाइट https://hareda.gov.in/ पर विजिट करें अथवा नंबर डायल 0172-3504085 करें !

सतर्क रहें धोखाधड़ी से बचें